टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज

वर्ल्ड न्यूज़लेटर

न्यू यरूशलेम — विश्वभर की चर्च

पास्टर टोनी अलामो — दी अलामो क्रिश्चियन नेशन — वॉल्यूम *18000*






*पास्टर टोनी और सुसान अलामो, कॉयर, और आर्केस्ट्रा अपने अन्तर्राष्ट्रीय टेलीविज़न कार्यक्रम में, 1973 में लिया गया फोटो*

# अत्यधिक दुष्टता

टोनी अलामो

**इफिसियों 6:16 में कहा गया है, “और सबसे ऊपर, विश्वास की ढाल लेकर स्थिर रहो ताकि तुम उस दुष्ट के सब जलते हुए तीरों को बुझा सको।” “दुष्ट” कौन है? जब मैंने चर्च में लोगों से यह प्रश्न पूछा तो उन्होंने कहा “दुष्ट” शैतान है। शैतान के करोड़ों अनुयायी (दुष्ट लोग) और उपासक हैं, और ईश्वर के हज़ारों- लाखों उपासक और अनुयायी हैं।**

सबसे पहले मैं वेबस्टर के अनुसार "अत्यधिक" “overwhelming” की परिभाषा बताना चाहता हूँ: “(1) उड़ेलना और नीचे दबाना; (2) कुचलना, काबू में करना।”

“दुष्ट” कौन है यह बताने की शुरुआत हम प्रकाशितवाक्य पुस्तक से करेंगे। प्रकाशितवाक्य 12:9 में उल्लेख है कि, “वह बड़ा अजगर अर्थात् वही पुराना साँप दानव और शैतान कहलाता है, जो सारे संसार को धोखा देता है: पृथ्वी पर गिराया गया, उसके दूत उसके साथ गिरा दिए गए।” अब, यदि दानव अथवा शैतान ने पूरी दुनिया को छला है तो शैतान द्वारा लोगों को छले जाने से पूरा विश्व दुष्ट लोगों का हो गया है। “पूरा विश्व” से मेरा अभिप्राय उन लोगों को छोड़कर है जिनका नाम लैम्ब्ज बुक ऑफ लाइफ में लिखा है (प्रकाशितवाक्य 13:8)।

अब अपनी बात की पुष्टि करने के लिए हम प्रकाशितवाक्य 13:1 पर नज़र डालेंगे। प्रेरित जॉन ने कहा, “मैं समुद्र के किनारे खड़ा हो गया, और मैंने एक जानवर [एक साम्राज्य] को समुद्र में से निकलते हुए देखा, जिसके सात सिर और दस सींग थे [यह रोम के सात पहाड़ों का प्रतीक है[1], और दस सींग संयुक्त राष्ट्र के एक-दुनिया सरकार के प्रतीक हैं], और उसके सींगों पर दस ताज थे [जो यह दर्शाते हैं कि ये दस साम्राज्य हैं जो रोम के संयुक्त राष्ट्र की एक-दुनिया सरकार, मीडिया, और कल्ट चर्च को शक्ति देने के लिए संगठित हुए हैं। इस शैतान ने ऐसा किया है और अब भी कर रहा है ताकि अत्यधिक दुष्टता की जा सके, जो शैतान की एक-दुनिया सरकार, यू.एन. नया विश्व क्रम, कल्ट चर्च और मीडिया का विरोध करने का साहस करे, उसे कुचला जा सके, दबाया जा सके और उस पर काबू पाया जा सके। शैतान दुष्प्रचार करके अच्छे लोगों को बुरा दिखाने के लिए मीडिया का उपयोग करता है।] और उसके सिरों पर निन्दा के नाम लिखे थे।”

“जो पशु मैंने देखा वह चीते की तरह था [यह भारत का प्रतीक है], और उसके पैर भालू जैसे थे [यह रूस का प्रतीक है], उसका मुँह सिंह के मुँह के समान था [यह यू.के. का प्रतीक है]: और उस अजगर [दानव] ने अपनी [अत्यधिक] सामर्थ्य और अपना सिंहासन [जो शैतान, वैटिकन, का सिंहासन है और जिसका मुख्यालय रोम में है] और बड़ा अधिकार [जो पूरी दुनिया पर अधिकार अथवा अत्यधिक शक्ति है] उसे दे दिया। मैंने उसके सिरों में से एक पर ऐसा भारी घाव लगा देखा मानो वह मरने वाला हो; उसके बाद उसका प्राणघातक घाव अच्छा हो गया [ईश्वर जॉन और हमें दोनों को याद दिला रहे हैं कि प्राचीन रोम का पतन हो गया था और असल में वह समाप्त (मृत) हो गया, जब तक कि इन अंतिम दिनों में शैतान की आत्मा रोम में प्रवेश न कर गई, जिसने रोम, वेटिकन को ईश्वर के संतों और पूरी दुनिया के लोगों को दबाने, कुचलने और काबू करने के लिए अत्यधिक दुष्टता की और सर्वशक्तिमान ईश्वर के पवित्र नाम, ‘एल शद्दै’ की निंदा की]: पूरी पृथ्वी [छली हुई] के लोग [दुष्ट लोग] उस पशु के पीछे-पीछे आश्चर्य करते हुए चले। उन्होंने अजगर [दानव] की पूजा की क्योंकि उसने पशु को अपनी शक्ति दे दी थी [अत्यधिक दुष्ट विश्व सरकार]” (प्रकाशितवाक्य 13:2-4ए)।

आप साफ़-साफ़ देख सकते हैं कि पूरी

*(पृष्ठ 2 पर जारी)*

**1** प्रकाशितवाक्य 17:9

# अत्यधिक दुष्टता

*(पृष्ठ 1 से जारी)*

दुनिया दुष्ट है क्योंकि वे शैतान की पूजा कर रहे हैं।[2] एक बार फिर से, इसमें दुनिया के सभी लोग शामिल हैं, उन लोगों को छोड़कर जिनका नाम लैम्ब्ज बुक ऑफ लाइफ में लिखा है। दुष्ट लोगों की पूरी दुनिया शैतान की अत्यधिक दुष्ट शक्ति की पूजा कर रही है जिसने क्राफ्ट (मीडिया) द्वारा विश्व के उन सभी लोगों को संगठित कर लिया है जिनका नाम बुक ऑफ लाइफ में नहीं लिखा है।

शैतान के प्रभाव के अंतर्गत दुष्ट मानवता ने विश्व के इतिहास में अनेक अवसरों पर हम जैसे शेष लोगों को अभिभूत करने की कोशिश की है। तथापि, ईश्वर ने मानवता दिखाई है, जिसने उन्हें धूल से बनाया है, वो उनसे कितना अधिक शक्तिशाली होगा। उसने बाढ़ का पानी हर किसी के नाक और गले में जाने दिया, दुनिया के सभी नीच लोगों के प्राण निकाल लिए, उन सभी को डुबो दिया – उनको मार दिया – केवल नोह और उसके परिवार को ही छोड़ा।[4]

ईश्वर ने टॉवर ऑफ बेबल में मनुष्यों के संयुक्त राष्ट्र अथवा एक-दुनिया सरकार बनाने के पहले प्रयास को भी नष्ट कर दिया, इस संबंध में वे लोग अलग-अलग सुरों में बोल रहे थे जिससे इस बुराई के लिए उनका संगठित होना कठिन हो गया था (उत्पत्ति 11:1-9)। ईश्वर ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वो जानता था और अब भी जानता है कि, "मन तो सबसे अधिक धोखा देने वाला होता है और वह बेहद दुष्ट होता है: उसका भेद कौन समझ सकता है? मैं प्रभु मन को खोजूँगा और हृदय को जाँचूँगा ताकि प्रत्येक व्यक्ति को उसके चाल-चलन के अनुसार अर्थात् उसके कामों के अनुसार फल दे सकूँ। जो अन्याय से धन बटोरता है वह उस तीतर के समान है जो दूसरी चिड़िया के दिए हुए अंडे सेती है, वह अपनी आधी आयु में ही उस धन को छोड़ जाता है और अंत में वह मूर्ख ही बनता है।"

"हमारा पवित्र आराधनालय आदिकाल से ऊँचे स्थान पर रखे एक तेजोमय सिंहासन के समान है। हे प्रभु, इस्राइल की उम्मीद, जो लोग तुझे छोड़ देते हैं वे सब शर्मिंदा होंगे; जो तुझ से भटक जाएँगे उनके नाम भूमि पर ही लिखे जाएँगे, क्योंकि उन्होंने जीवंत जलों के स्रोत प्रभु को त्याग दिया। हे प्रभु, मेरी मदद करो, मुझे चंगा करो, जब मैं चंगा हो जाऊँ तो मुझे बचा लेना, तब मैं बच जाऊँगा: क्योंकि मैं केवल तेरी ही पूजा करता हूँ। सुनो, वे मुझ से कहते हैं प्रभु का वचन कहाँ है? वो अभी आ जाए। परन्तु तू मेरा हाल जानता है, मैंने तेरे पीछे चलते हुए उतावलेपन से पादरी का काम नहीं छोड़ा: न ही मैंने आने वाली विपत्ति के दिन की लालसा की है; जो कुछ मैंने कहा वह तेरे सामने सही था। मुझे डराओ मत: संकट के दिन तुम ही मेरे शरणस्थल हो। हे प्रभु, मेरी आशा टूटने न दो, मुझे सताने वालों की ही आशा टूट जाए: उन्हीं को विस्मित कर, परन्तु मुझे निराशा से बचा, उन पर विपत्ति डाल और उन्हें चकनाचूर कर दे।" (यिर्मयाह 17:9-18)।

यह दूसरी मार (टू स्ट्राइक्स) थी और दुनिया अभी भी मौजूद है। लेकिन जब तीसरी मार होगी – जो कि जल्दी आनी है - "तीसरी मार होगी और तुम समाप्त हो जाओगे", केवल वही लोग बचेंगे जिनका नाम लैम्ब्ज बुक ऑफ लाइफ में लिखा है (प्रकाशितवाक्य 21:9-27)। एक भयंकर आग आ रही है और वे सभी जिनके नाम लैम्ब्ज बुक ऑफ लाइफ में नहीं हैं हमेशा के लिए अनन्तकाल तक जलते रहेंगे।[5]

प्रकाशितवाक्य 13:4बी में दुष्ट लोगों की पूरी दुनिया द्वारा यू.एन. की एक-दुनिया सरकार अथवा नए विश्व क्रम की पूजा करने का उल्लेख इन शब्दों में किया गया है: "उन्होंने यह कहते हुए जंगली जानवर की पूजा की कि इस जंगली जानवर के समान कौन है? कौन उससे लड़ सकता है? दूसरे शब्दों में, मीडिया के अत्यधिक दुष्ट झूठों से लड़ने, हर प्रकार के अत्यधिक दुष्ट अत्याचार, अन्याय, हत्या, विनाश से लड़ने, चोरी, अपव्यय, पाप, निन्दा, अनुचित क्लेश, और अपहरण से लड़ने में कौन सक्षम है, नफ़रत का यह बल अत्यधिक, शैतान के राक्षसी और दुष्ट बल द्वारा ईश्वरीय लोगों पर डाला गया, जो संयुक्त राष्ट्र की एक-दुनिया सरकार में शामिल हैं।"

केवल एक ही तरीका है जिससे सदाचारी लोग स्वयं को इस अत्यधिक दुष्ट दैत्य से लड़ने के लिए उपयुक्त रख सकते हैं। यदि आपने कभी ईश्वर में विश्वास किया है तो अच्छा होता कि आप उस पर अब विश्वास करते जब वो कहता है कि आपको ईश्वर के पूरे कवच में रखा जाना है, और सर्वोपरि, विश्वास की ढाल [ईश्वर के वचन में] लें जिससे तुम उस दुष्ट के सभी जलते तीरों को बुझा सको [झूठे आरोप और दुष्ट कानून] (इफिसियों 6:16)।"

पूरा लेख इस प्रकार है: "अंतत: बंधुओ प्रभु और उसकी शक्ति [स्पिरिट] में ताकतवर बनो। ईश्वर के सारे कवच पहन लो, ताकि तुम शैतान की युक्तियों [दुनिया के सभी अत्यधिक दुष्ट लोग] के सामने खड़े रह सकोगे। क्योंकि तुम्हारा यह मल्लयुद्ध मांस और रक्त के विरुद्ध नहीं, बल्कि राज्यों (प्रिंसिपैलिटी), शक्तियों, इस संसार के अंधकार के शासकों, उच्च स्थानों की आध्यात्मिक दुष्टता के विरुद्ध है [ऊँचे स्थानों पर बैठे लोगों, शैतान की दुष्ट सेना के सदस्यों के विरुद्ध है]।

"इसलिए परमेश्वर के सारे कवच बाँध लो [ईश्वर का वचन का पूरा अध्ययन करें[6]] ताकि तुम बुरे दिनों का सामना कर सको, सब कुछ पूरा करके स्थिर रह सको [जब आप पर झूठे आरोप लगेंगे, अजीब कानून और उत्पीड़न चलेंगे]। इसलिए सत्य के साथ अपनी कमर कस लो और धार्मिकता का छाती का कवच पहन लो [ईश्वर का वचन]; सुसमाचार की तैयारी के जूते पहन लो; सबसे ऊपर विश्वास की ढाल लेकर अविचल खड़े रहो जिससे तुम उस दुष्ट के सभी जलते तीरों को बुझा सको। मोक्ष का हैलमेट, और आत्मा (स्पिरिट) की तलवार जो परमेश्वर का वचन है, लो: हर समय और हर प्रकार से आत्मा (स्पिरिट) में प्रार्थना और विनती करते रहो, इसलिए जागते रहो, ताकि सब पवित्र लोगों के लिए निरन्तर विनती कर सको" (इफिसियों 6:10-18)। इसका मतलब है कि उस समय संत लोगों के साथ खड़े रहना जब आप देखो कि शैतान के नए कुटिल कानूनों की वजह से उन्हें आपकी आवश्यकता है।

प्रकाशितवाक्य 13:5-8 में उल्लेख है, "बड़े बोल बोलने [अत्यधिक दुष्ट एक-दुनिया सरकार] और ईशनिन्दा करने [यह

**6** मत्ती 4:4, युहन्ना 8:31-32, इफिसियों 6:11-17, कुलुस्सियों 3:16, 2 थिस्सलुनीकियों 2:15, 2 टिमोथी 2:15, 3:14-17, 1 पतरस 2:2

**2** मत्ती 24:11-12, 24, प्रकाशितवाक्य 13:1-4, 11-15, 17:8, 18:2-3, 23 **3** उत्पत्ति 2:7, 3:19 **4** उत्पत्ति अध्याय 6-7, 1 पतरस 3:20 **5** 2 पतरस 3:10-12, प्रकाशितवाक्य 20:11-15



अलामो मिनिस्ट्रीज ऑनलाइन
www.alamoministries.com

एक-दुनिया सरकार मीडिया से है] के लिए उसे एक मुँह दिया गया, उसे बयालीस महीने तक काम करने का अधिकार दिया गया। उसने ईश्वर की निन्दा करने, उसके नाम और उसके डेरे [हम संत जिनमें वह रहता है ईश्वर का डेरा है] और उनकी जो स्वर्ग में रहते हैं [स्वर्गदूत और वे सभी संत जो हमसे पहले घर जा चुके हैं (एक बार फिर से मीडिया सभी अच्छे लोगों को बुरा दिखाने का प्रयास करता है)] की निन्दा करने के लिए मुँह खोला । उसे अधिकार दिया गया था कि संतों से लड़े और उन पर विजय प्राप्त करे और उसे प्रत्येक कुल, लोग, भाषा और जाति से ऊपर अधिकार दिया गया। पृथ्वी के वे सभी निवासी जिनके नाम उस बुक ऑफ लाइफ ऑफ लैम्ब में नहीं लिखे हैं, जो जगत की बुनियाद के समय से ही मारा गया है, उस जंगली जानवर की पूजा करेंगे [यह कार्य मीडिया द्वारा पूरा किया गया है]।" एक बार फिर से, ये पृथ्वी पर रहने वाले लोग हैं जो संत लोगों के विरुद्ध झूठे आरोप लगा रहे हैं और मीडिया के दुष्प्रचार की वजह से संतों के विरुद्ध लगाए गए सभी झूठे आरोपों में विश्वास करते हैं। इसकी वजह से वे अपनी आत्मा को खो रहे हैं। वे सोचते हैं कि वे जीत रहे हैं लेकिन असल में वे हार रहे हैं। वे हारने वाले हैं।

द्वितीय पतरस, अध्याय 2 में कहा गया है, "जिस प्रकार उन लोगों में झूठे भविष्यवक्ता थे उसी प्रकार तुम में भी झूठे उपदेशक [मीडिया] होंगे, जो निन्दनीय अपधर्मों जैसे कि शैतान के नए कानून, जैसे एक ही लिंग के लोगों की शादी, गर्भपात, आदि] को गोपनीय तरीके से लागू करेंगे, और उस स्वामी का, जिसने उन्हें मोल लिया है, इनकार करेंगे और स्वयं को शीघ्र विनाश में डाल देंगे। बहुत से लोग उनकी तरह ही हानिकारक काम करेंगे [बहुत अधिक नुकसानदेह अथवा विनाशक]; जिनकी वजह से सत्य [यीशु के तरीके] के मार्ग की निन्दा की जाएगी [शैतान के वर्ल्ड मीडिया, सरकार और रोम के कल्ट चर्च द्वारा]। वे लोभ के लिए बातें गढ़कर तुम्हें अपने लाभ का कारण बनाएँगे, जिस दण्ड की आज्ञा उन पर पहले से हो चुकी है, उसके आने में कुछ भी देर नहीं है और उनका विनाश ऊँघता नहीं।

"क्योंकि जब ईश्वर ने उन स्वर्गदूतों को नहीं छोड़ा, जिन्होंने पाप किया था, बल्कि नरक में भेजकर अंधेरे कुंडों में डाल दिया, ताकि न्याय के दिन तक वे बंदी रहें; यहाँ तक कि प्रथम युग के संसार को भी नहीं छोड़ा, बल्कि भक्तिहीन संसार पर महा जल-प्रलय भेजकर सच्चाई के प्रचारक नोहा समेत आठ व्यक्तियों को बचा लिया; सदोम और अमोरा के नगरों को विनाश का ऐसा दंड दिया कि उन्हें भस्म करके राख में मिला दिया ताकि वे आने वाले भक्तिहीन लोगों की शिक्षा के लिए एक उदाहरण बन सकें [ऐसे लोग जिन्होंने शैतान के नए एक ही लिंग में विवाह और सरकार के समलैंगिकता और लेस्बियन संबंधों को स्वीकार कर लिया है,[7] जिन्हें शैतान के वेटिकन मीडिया द्वारा प्रोत्साहन दिया जा रहा है]; और धर्मी लूत, जो अधर्मियों के अशुद्ध चाल-चलन [समलैंगिकता और लेस्बियन संबंधों और पुरूषों के साथ संबंध बनाने वालों] से बहुत दुःखी था, छुटकारा दिया: (क्योंकि वह सच्चा आदमी उनके बीच में रहते हुए और उनके अधर्मी कामों को देखते-सुनते हुए हर दिन अपने सच्चे मन को कष्ट पहुँचा रहा था;), तो प्रभु जानता है कि किस प्रकार धर्मियों को प्रलोभनों से बाहर निकाला जाए और अधर्मियों को न्याय के दिन तक दंड की दशा में रख जाए। लेकिन जो अशुद्ध लालसाओं के कारण शरीर के पीछे चलते हैं, प्रभुता का तिरस्कार करते हैं, वे ढीठ और हठी हैं, ऊँचे पदवालों को बुरा-भला कहने से नहीं डरते हैं। जबकि, स्वर्गदूत जो शक्ति और सामर्थ्य में उनसे बड़े हैं, प्रभु के सामने उन्हें बुरा-भला कहकर दोष नहीं लगाते। परन्तु ये लोग बुद्धिहीन पशुओं के समान हैं, जो केवल पकड़े जाने और नाश होने के लिए ही पैदा हुए हैं, जिन बातों को जानते ही नहीं, उनके विषय में औरों को बुरा-भला कहते हैं, वे अपने भ्रष्टाचार में खुद ही नष्ट हो जाते हैं; दूसरों के बजाय यह उन्हीं के लिए बुरा होगा; उन्हें दिन के समय कामुक-विलास करना भला लगता है। वे कलंक और दोष हैं – जब वे तुम्हारे साथ खाते-पीते हैं तो अपनी ओर से प्रेम-भोज करके भोग-विलास करते हैं। उनकी आँखों में व्यभिचार बसा है, वे पाप किए बिना रह नहीं सकते; वे चंचल आत्माओं को फुसलाते हैं; उनका मन लोभ का अभ्यस्त हो गया है; वे संताप की संतानें, वे सीधा मार्ग छोड़कर भटक गए हैं, बोसर के पुत्र बेलाम के मार्ग पर चल पड़े हैं, जिसने अधर्म की मज़दूरी प्रिय मानी; पर उसके अपराध के विषय में उलाहना दिया, यहाँ तक कि मूक गधी ने मनुष्य की बोली बोलकर उस भविष्यवक्ता को उसके बावलेपन से रोका।

"ये लोग जलहीन कुएँ हैं और आँधी से उड़ाए गए बादल हैं; उनके लिए अनंत अंधकार ठहराया गया है। वे व्यर्थ घमंड की बातें करके लुचपन के कामों द्वारा उन लोगों को शारीरिक अभिलाषाओं में फँसा लेते हैं जो उनमें से अभी-अभी निकल रहे हैं जो भ्रान्ति में रह रहे हैं। वे उन्हें मुक्त होने की प्रतिज्ञा तो देते हैं, पर वे स्वयं भ्रष्टाचार के दास हैं, क्योंकि जो व्यक्ति जिस से हार जाता है [अभिभूत] वह उसका दास बन जाता है। जब वे प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह के ज्ञान के साथ संसार की नाना प्रकार की अशुद्धता से बच निकले और फिर उनमें फँसकर हार गए तो उनकी पिछली दशा पहले से भी बुरी हो गई। क्योंकि सच्चाई के मार्ग का न जानना ही उनके लिए इससे भला होता, उसे जानकर, उस पवित्र आज्ञा से फिर जाते जो उन्हें सौंपी गई थी। उन पर यह कहावत ठीक बैठती है कि कुत्ता अपनी उल्टी की ओर तथा नहाई हुई सुअरी कीचड़ में लौटने के लिए फिर से चले जाते हैं।" (2 पतरस अध्याय 2)।

यह भविष्यवाणी पहले ही पूरी हो चुकी है। लाखों लोग यीशु मसीह से दूर

*(पृष्ठ 4 पर जारी)*

7 उत्पत्ति 19:1-13, 24-25, लैव्यव्यवस्था 18:22, 20:13, व्यवस्थाविवरण 22:5, 23:17-18, न्यायियों 19:22-28, 1 राजा 14:24, 15:11-12, यहेजकेल 16:49-50, रोमियों 1:18-32, 1 इतिहास 6:9-10, 1 टिमोथी 1:9-10, 2 टिमोथी 3:1-9, यहूदा 7-8

## भारत

क्राइस्ट में प्रिय बंधु,

यीशु मसीह के नाम पर आपको शुभकामनाएँ। हम आपकी मिनिस्ट्री के लिए प्रार्थना करते हैं। यहाँ पर पत्रिकाओं में आपके संदेश पढ़ने के बाद कई हिन्दुओं की रक्षा की गई है।

बॉबीलंका गाँव में, हम ईसाई धर्म अपनाने वाले नए लोगों के लिए रविवार को एक वृक्ष के नीचे पूजा का आयोजन करते हैं। हमारी बड़ी आवश्यकता है एक पूजा-स्थल का होना। कृपया हमारे आध्यात्मिक विकास के लिए हमारी मदद करें।

प्रभु आपकी पर्याप्त सहायता करें।

क्राइस्ट में आपका बंधु,

सोलमन राजू कोला — आंध्र प्रदेश, भारत

# अत्यधिक दुष्टता

*(पृष्ठ 3 से जारी)*

हो गए हैं, इससे मेरा तात्पर्य है यीशु मसीह से पूरी तरह दूर होना, जिसे 2 थिस्सलुनीकियों 2:3 में यीशु मसीह के आगमन के अति निकट होने के संकेत के रूप में भविष्यवाणी की गई है। भविष्यवाणी में कहा गया है, "किसी भी तरीके से किसी के धोखे में मत आना: क्योंकि वह दिन नहीं आएगा [मसीह का लौट कर आना], जब तक धर्म का त्याग न हो जाए, (सिवाय इसके कि पहले कोई और बुरा आ जाए)।" क्या आप यह कहना चाहते हैं कि यदि पूरी दुनिया शैतान की उपासना करती है तो यह यीशु मसीह से दूर होने का संकेत है? क्या आप यह कहेंगे कि सुसमाचार माने जाने वाले मिनिस्टर्स विवाह की वैध आयु को इनकार करते हैं, जो कि किशोरावस्था है, बाइबल की कई अन्य धार्मिक पुस्तकों को इनकार करते हैं और यीशु मसीह विरोधी शैतानी सरकार का साथ देते हैं तो क्या यह यीशु-मसीह से दूर हटने का संकेत होगा? क्या आप कहेंगे कि जब प्रभु के मिनिस्टर्स को झूठे आरोपों में कारावास में डाला जाएगा और इसके विरुद्ध कोई अपनी आवाज़ नहीं उठाएगा तो क्या यह यीशु-मसीह से दूर हटने का संकेत होगा?

क्या आप कहेंगे कि सरकार वाको, टेक्सास, और दुनिया भर के अनेक स्थानों पर बच्चों, उनकी माताओं और उनके पिताओं का कत्ल करती है और कोई इसके विरुद्ध आवाज़ नहीं उठाता, तो क्या यह यीशु-मसीह से दूर हटने का संकेत होगा? क्या आप कहेंगे कि जब दूर हटे हुए ईसाई अपने पादरियों के पास जाएँगे, तो अपने बारे में झूठ बोलकर उन्हें धोखा देंगे, वे जानते हैं कि न्यायालय प्रणाली और सरकार उन्हें अच्छा पुरस्कार प्रदान करेंगे और ईश्वरीय पादरी को आजीवन कारागार में डाल देंगे, तो क्या यह यीशु मसीह से दूर हटने का संकेत होगा? क्या आप कहेंगे कि यह भी एक संकेत है जब लोग दुनियाभर में शहरों के ऊपर यू.एफ.ओ. को मण्डराता हुआ देखेंगे, यह जानते हुए कि ये आकाशीय जीव स्वर्गदूत हैं जो पृथ्वी को नष्ट करने से पहले इसका सर्वेक्षण कर रहे हैं?[8] यीशु से दूर हटे ईसाई कहेंगे कि ये यू.एफ.ओ. दूसरे ग्रह से आए हैं, यह जानते हुए भी कि वे झूठ बोल रहे हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि ये स्वर्ग से आए हैं। क्या आप कहेंगे कि यह यीशु-मसीह से दूर हटने का संकेत है?

जब आप राष्ट्रपतियों, राजाओं, और जानी-मानी चर्चों को एक ही लिंग में विवाह का समर्थन करते देखते हैं तो क्या आप कहेंगे कि यह यीशु-मसीह से दूर हटने का संकेत है? क्या आप कहेंगे कि यह यीशु-मसीह से दूर हटने का संकेत है कि जब आप स्वयं को न सुधार सकने वाले बच्चे को अनुशासन में करने की कोशिश करते हैं, जैसा बाइबल में आदेश दिया गया है, लेकिन एक-दुनिया सरकार आपसे कहती है कि आप ऐसा नहीं कर सकते। जब सरकार असंतुष्ट ईसाइयों की झूठ के आधार पर जो अब यीशु-मसीह विरोधी हो चुके हैं, माता-पिता और धर्मनिष्ठ चर्च से आपके बच्चों को चुराती है और उन्हें समलैंगिक लोगों को गोद दे देती है तो क्या आप कहेंगे कि यह यीशु-मसीह से दूर हटने का संकेत है? जब आप पब्लिक स्कूलों में बच्चों को यह पढ़ाते हुए देखते हैं कि समलैंगिकता और लेस्बियन होना तृतीय यौन विकल्प है, विकृति की बजाए एक रोग है, और वेटिकन विश्व सरकार को इस राक्षसी, सनकी नीति को लागू करते देखते हैं तो क्या आप कहेंगे कि यह यीशु-मसीह से दूर हटने का संकेत है?

यदि आप यीशु-मसीह विरोधी सरकार को यह कहते हुए देखते हैं कि अब यू.एस. संविधान लागू नहीं होता और यह कि प्रथम, धार्मिक स्वतंत्रता अब लागू नहीं होते, इसलिए ईसाई अब बाइबल में विश्वास नहीं कर सकते और इसमें जो कुछ कहा गया है वह नहीं कर सकते, तो क्या आप कहेंगे कि यह यीशु-मसीह से दूर हटने का संकेत है?

यदि आपका फोटोग्राफी स्टूडियो अथवा फ्लावर शॉप है और आप समलैंगिक जोड़े को कहते हैं कि आप उनके समलैंगिक विवाह की फोटोग्राफी नहीं करेंगे अथवा उनकी विकृत शादी के लिए फूलों की व्यवस्था नहीं करेंगे तो सरकार आप पर यह विकृति थोपेगी और आपके पास यह अधिकार नहीं होगा कि आप किसे सेवा देंगे और किसे नहीं। क्या आप कहेंगे कि यह यीशु-मसीह से दूर हटने का संकेत है, क्या यह हमारी स्वतंत्रता और बहादुर लोगों के देश का अंत है? आज आप न्याय की जो भ्रष्ट प्रवृत्तियाँ देखते हैं ये सब रोमन कैथोलिक चर्च कल्ट सरकार मीडिया द्वारा लाई जा रही हैं। जो कुछ मैंने अभी बताया है यह हिमखण्ड की चोटी मात्र है।

क्या आप इसे अत्यधिक दुष्टता नहीं कहेंगे? क्या यह यू.एन. यीशु-मसीह विरोधी सरकार नहीं है? क्या आप इसे ऊपर से उड़ेलना और नीचे दबाना नहीं कहेंगे? क्या यह सरकार आपकी स्वतंत्रता को कुचल नहीं रही है और काबू में नहीं कर रही है?

यदि आप यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि यीशु-मसीह का आगमन कितना निकट है तो बाइबल पढ़ें। जैसा कि द्वितीय थिस्सलुनीकियों 2:3 में कहा गया है, हमें किसी भी व्यक्ति को धोखा नहीं देने देना है। इसमें आगे कहा गया है, "वह दिन नहीं आएगा, जब तक धर्म का त्याग न हो जाए (पहले कोई और बुरा हो जाए) और वह पाप का पुरुष अर्थात् विनाश का पुत्र प्रकट न हो।"

बाइबल हमें बताती है कि दो आदमी हैं; एक प्रथम आदम और दूसरा अंतिम आदम, जोकि यीशु-मसीह है (1 कुरिन्थियों 15:45-47)। लोग या तो यीशु-मसीह, अंतिम आदम में हैं अथवा वे प्रथम आदम में हैं और वे नरक और अग्नि की झील के रास्ते पर हैं।[9]

यह धर्मग्रंथ जो विनाश के मनुष्य के बारे में बताता है, धोखा खाई हुई पूरी दुनिया के बारे में बताता है। वे लोग जो शैतान की पूजा करते हैं प्रथम आदम के सदस्य बन गए हैं। ये वे लोग हैं जो नरक और अग्नि की झील में जा रहे हैं। ये वे लोग हैं जो कहते हैं, "इस पशु के समान कौन है? उससे युद्ध कौन कर सकता है?" (प्रकाशितवाक्य 13:4)। ये लोग ईश्वर को इन दुष्ट लोगों को एक स्वात, एक स्मैक से नष्ट करने की क्षमता होने का श्रेय नहीं देते, जैसा कि उन्होंने नोहा के दिनों में दुनिया की जनसंख्या के साथ किया था।[10] ईश्वर इन सभी प्राणियों को नष्ट कर देगा जिन्हें उसने केवल मिट्टी[11] से अग्नि[12] के साथ बनाया था।

यह लिखा है कि प्रथम आदम, जिसे ईश्वर ने मिट्टी से बनाया, "जो उसका विरोध करता है जिसे ईश्वर कहा जाता है, या पूजा जाता है और स्वयं की सर्वोपरि प्रशंसा करता है; यहाँ तक कि

---

**8** उत्पत्ति 19:1, 13, 2 शमूएल 24:15-16, 2 राजा 19:35, 2 इतिहास 32:21, भजन संहिता 78:49, मत्ती 13:41-42, प्रेरितों को काम 12:23, 2 थिस्सलुनीकियों 1:7-10, प्रकाशितवाक्य 7:1-2, 9:15, 15:1
**9** 1 इतिहास 15:21-22, 44-50 **10** उत्पत्ति 6:11-13, 7:4-23 **11** उत्पत्ति 2:7, 3:19, 18:27, अय्यूब 10:9, 34:15, भजन संहिता 103:14, 104:29, सभोपदेशक 3:20, 12:7 **12** मलाकी 3:2, मत्ती 3:10, 12, 13: 42, 25:41-42, युहन्ना 15:6, 2 थिस्सलुनीकियों 1:6-9, 2 पतरस 3:3-12, यहूदा 7, प्रकाशितवाक्य 14:10, 19:20, 20:10, 15, 21:8

वह ईश्वर के मंदिर में बैठकर स्वयं को परमेश्वर के रूप में प्रकट करता है [ईश्वर के मंदिर के ये वे लोग हैं जो शैतान का मंदिर बन गए हैं। अब शैतान अपनी आत्मा के द्वारा ईश्वर के मंदिर के पूर्व सदस्य, जो यीशु-मसीह विरोधी बन गए हैं, में बसता है। दूर हटने से पहले वे ईश्वर के मंदिर का भाग थे। हम में से जो लोग फिर से आत्मा (स्पिरिट) में जन्मे हैं, जो ईश्वर का मंदिर रहे हैं, धर्मग्रंथ कहता है, 'क्या तुम नहीं जानते कि तुम ईश्वर का मंदिर हो और ईश्वर की आत्मा (स्पिरिट) तुम में वास करती है?' (1 कुरिन्थियों 3:16)। लेकिन जो एक समय ईश्वर का मंदिर थे, ऐसा स्थान जहाँ किसी समय ईश्वर की आत्मा वास करती थी, अब दूर हट गए हैं और उन्होंने अपने अंदर शैतान की आत्मा को प्रवेश कर लेने दिया है। जो अजगर, बुराई की पूजा करते हैं वे सब धोखा खाए हुए लोग हैं (प्रकाशितवाक्य 12:9)। फिर से वे यीशुमसीह विरोधी बन गए हैं, यूनाइटेड एक-दुनिया सरकार अब धोखा खाए हुए लोगों के साथ शामिल हो गई है] वह [उनके साथ मिलकर] स्वयं को ईश्वर दिखाता है [यह दिखाते हुए कि शैतान ईश्वर के कानूनों[13] को आज की अत्यधिक विकृतियों के अनुसार बदल देगा और उन लोगों को छोड़कर जिनका नाम लैम्ब्ज बुक ऑफ लाइफ में लिखा है हर किसी को समलैंगिक विवाह, गर्भपात (जो कि प्रथम डिग्री की हत्या है), व्यभिचार, विवाहेतर संबंध और विवाह का सम्मान करने और विवाह का अपमान करने के लिए बाध्य करेगा और ऐसे लोग ईश्वर के वचन, उसके कानून, उसके विधान और उसके उपदेशों को अपमान करके ईश्वर को भला-बुरा कहेंगे।]" (2 थिस्सलुनीकियों 2:4)।

फिर प्रेरित पॉल छंद 5 से लेकर 12 तक पवित्र आत्मा (स्पिरिट) द्वारा बताते हैं, "क्या तुम्हें याद नहीं, कि जब मैं तुम्हारे साथ था, तब मैंने तुम्हें ये बातें बताईं थीं? अब तुम जानते हो कि उसे क्या रोक रहा है, वह अपने समय पर ही प्रकट किया जाएगा [ईश्वर ने इस यीशु-विरोधी के प्रकट होने तक इन लोगों का नाश करना रोका हुआ है और अब उसका रहस्योद्घाटन प्रकट हो चुका है। अब तुम दुनिया के लोगों के पास इस पाप और अपने सभी पापों के लिए पश्चाताप न करने का कोई बहाना नहीं है।]।

"क्योंकि अधर्म का भेद अब भी कार्य करता जाता है: लेकिन वही जो करने देता है करने देगा, जब तक कि उसे हटाया नहीं जाए। और तब वह अधर्मी प्रकट होगा जिसे प्रभु अपने मुँह की आत्मा (स्पिरिट) से मार डालेगा, अपने आगमन के तेज से भस्म कर देगा। उस अधर्मी का आना शैतान के कार्य के अनुसार सब प्रकार की झूठी सामर्थ्य, और चिन्ह और अद्भुत काम (चमत्कारों को डालने) के बाद होगा। [यह शैतान को नरक और अग्नि की झील में भेजे जाने से पहले उसका अंतिम शॉट है, इसलिए वह लोगों को अवसादग्रस्त करने के लिए अपनी शक्ति के अनुसार सब कुछ कर रहा है, ताकि वे यह विश्वास कर सकें कि वह सबसे अधिक शक्तिशाली है, जबकि असल में वह पूरे ब्रह्माण्ड में सबसे कमज़ोर व्यक्ति है।[14] फिर भी उसने करोड़ों आत्माओं को अपने साथ नरक में और फिर आग की झील में समय बिताने के लिए डलवाया है।]

"उनमें अधर्म के सभी धोखे नष्ट हो जाएँगे; क्योंकि उन्होंने सत्य का प्रेम ग्रहण नहीं किया जिससे उनकी रक्षा होती। [कुछ लोग कहेंगे, 'किस से रक्षा?' इसका जवाब है: बिना किसी राहत के अग्नि, गंधक और लावा में लगातार उबलने और जलने की अनंतता से रक्षा। न दर्द की गोलियाँ, न पानी और न ही शीतल पेय। न आहार, न छाया और न ही एक क्षण का आराम। इन सबसे आपकी रक्षा किया जाना। यदि आपमें थोड़ी भी समझ है, तो आपकी रक्षा हो जाएगी!] इसी वजह से ईश्वर उनके पास भटका देने वाली शक्ति भेजेगा ताकि वे झूठ में विश्वास कर सकें [पूरी दुनिया झूठ में विश्वास करती है, अन्यथा पूरी दुनिया धोखा न खाती, और पूरी दुनिया आज जिस तरह से शैतान, राक्षस, पशु, यू.एन. विश्व सरकार की पूजा कर रही है, यह सब न करती]: जो लोग सत्य में विश्वास नहीं करते, बल्कि जिन्हें अधर्म में आनन्द मिलता है वे शापित हो सकते हैं" (2 थिस्सलुनीकियों 2:5-12)।

द्वितीय युहन्ना 6-11 में उल्लेख है, "प्रेम यह है कि हम उनकी [ईश्वर की] आज्ञाओं का पालन करें। यह वही आज्ञा है जो तुमने आरंभ से सुनी और तुम्हें इस पर चलना भी चाहिए। क्योंकि ऐसे बहुत से भरमाने वाले जगत में घुस आए हैं जो यह नहीं मानते कि यीशु-मसीह शरीर धारण करके आया है। यही भरमाने वाला है और यीशु मसीह विरोधी है। अपने बारे में सजग रहो कि हमने जो चीज़ें मेहनत से पाई हैं हम उन्हें खोएँ नहीं बल्कि उन्हें पूरे लाभ के साथ प्राप्त करें। जो कोई आगे बढ़ जाता है और मसीह की शिक्षा में नहीं बना रहता उसके पास ईश्वर नहीं

*(पृष्ठ 6 पर जारी)*


**13** दानिय्येल 7:23-25, मत्ती 5:17-18

**14** यशायाह 14:12-20, प्रकाशितवाक्य 12:12

## पॉल बोलपा का साक्ष्य

मेरा साक्ष्य उस समय का है जब मैं ३२ वर्ष का था, मैं आत्मघाती, आत्म-विनाशी और खोया हुआ तथा बर्बाद था। मैंने तलाक ले लिया था और मैंने मिलिट्री छोड़ दी थी, जिसमें मैं सात वर्षों से था। उससे पहले 26 वर्ष की आयु में मैंने खुशी-खुशी शादी की थी और मेरा एक स्वस्थ लड़का था, ब्लॉक में मेरा एकदम नया घर और गैराज में दो नई कारें थीं। एक रात मैं और मेरी पत्नी सोच रहे थे कि अपने घर के आंगन का विस्तार करने के लिए, जैसा हमारा पड़ोसी कर रहा था, हमें धन कहाँ से मिल सकता है। उस समय मेरे जीवन ने टूटना शुरू किया। मैंने सवाल किया कि मेरी ज़िंदगी कहाँ जा रही है। क्या? कस्बे में एक सुंदर घर में जाने के लिए अधिक गिरवी रखना? क्या मैं यही सब करने जा रहा था?

इस उम्र तक मैं पूरी तरह से अमेरिकी सपनों में खोया था: मिलिट्री, कॉलेज,


*बंधु पॉल बोलपा*

शादी, परिवार, और कैरियर; लगभग छह माह में सब समाप्त हो गया। पाँच वर्ष बाद, मैंने एक पूरा वर्ष व्यापक सायकोथेरपी लेने में गुज़ारा। मैं सप्ताह में दो अलग-अलग थेरपिस्ट के पास जाता था। उस वर्ष, मेरा लक्ष्य प्रत्येक सप्ताह अपने में सुधार करने संबंधी पुस्तक पढ़ना था, मैंने ऐसा किया भी। मैं स्वयं को ठीक और तंदरुस्त करने के प्रति दृढ़ था, लेकिन

*(पृष्ठ 7 पर जारी)*

## अत्यधिक दुष्टता

*(पृष्ठ 5 से जारी)*

होता। जो कोई उसकी शिक्षा में स्थिर रहता है, उसके पास पिता और साथ ही पुत्र भी है। यदि कोई तुम्हारे पास आए, और यह शिक्षा न दे, उसे न तो घर में आने दें और न ही उसे नमस्कार करें [मुझे विश्वास है कि प्रभु चाहते हैं कि तुम उनके साथ कोई व्यवहार न रखो, इसलिए प्रभु आपको यह विकल्प देता है कि तुम्हें किसके साथ व्यवहार करना है]: क्योंकि यदि कोई व्यक्ति ऐसे व्यक्ति को नमस्कार करता है तो वह उसके बुरे कामों को साझा करता है।"

इसलिए उनका अभिवादन करने पर, आपको भी वही प्रतिफल मिलेगा जो समलैंगिकों और प्रायश्चित्त न करने वाले अन्य सभी पापियों को प्राप्त होगा, जो निरंतर नरक में जलना और आग की झील में निरंतर जलना है, ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाना और कोई राहत न मिलना है। शैतान चाहता है तुम समलैंगिकों और गर्भपात कराने वाले (हत्यारे)[15] लोगों के साथ रहो, और वह चाहता है कि आप समलैंगिक विवाह के पक्ष में वोट दो ताकि आपको भी वही फल, शाश्वत नियति प्राप्त हो जैसी उन्हें और पाप का प्रायश्चित्त न करने वाले अन्य लोगों को अवश्य प्राप्त होगी।[16]

हम शैतान के साथ लड़ाई लड़ रहे हैं। वह आपकी और हर किसी की आत्मा नष्ट करने का प्रयास कर रहा है।[17] यदि आप चाहते हैं कि ईश्वर आपको माफ़ कर दे, तो आपको ईश्वर से अपने पक्ष में लड़ने के लिए कहते हुए शैतान के विरुद्ध अवश्य लड़ना चाहिए, क्योंकि यदि ईश्वर आपकी ओर से नहीं लड़ेंगे तो आप नहीं जीत पाएँगे, भले ही आप इसे पसंद करें अथवा न करें। एक बार फिर से, यदि ईश्वर आपके पक्ष में नहीं लड़ते, तो आप नहीं जीत पाएँगे। बाइबल की प्रत्येक लड़ाई मनुष्य द्वारा नहीं बल्कि ईश्वर द्वारा जीती गई थी। आप या तो शैतान की ओर से लड़ाई लड़ेंगे अथवा ईश्वर आपकी ओर से शैतान के विरुद्ध लड़ेंगे। इनके बीच का कोई रास्ता नहीं है। यह लड़ाई आपकी आत्मा के लिए है। आप या तो जीतेंगे अथवा हार जाएँगे। यदि ईश्वर आपकी ओर से लड़ाई लड़ेंगे तो आप जीतेंगे। आपको ईश्वर अथवा शैतान, स्वर्ग अथवा नरक के बीच में से किसी एक को अवश्य चुनना होगा, आपकी यह पसंद आपको स्वर्ग अथवा नरक में हमेशा के लिए भेजेगी।[18] आप चाहे इस सच्चे तथ्य को अपने मन से बाहर रखने का प्रयास कर करें, लेकिन प्रलय के दिन आपको इन सबका सामना करना होगा। आपको ईश्वर के न्याय-दण्ड के समक्ष खड़ा होना होगा, चाहे आप इसे पसंद करें अथवा न करें, और मैं यह नहीं चाहता कि आप यह कहें कि मुझे किसी ने कभी बताया नहीं।

यह दुनिया बहुत आगे बढ़ चुकी है। मैं आपको बताना चाहता हूँ कि न्याय का दिन अवश्य आएगा।[19] ईश्वर सबसे अधिक अधर्मी को भी बचा लेंगे यदि वह उनके समक्ष अपने पापों का प्रायश्चित्त करेगा (यशायाह 1:18)। यदि आप ईश्वर के समक्ष अपने पापों का प्रायश्चित्त करते हैं तो आप उसे हमेशा के लिए आपके जीवन को बदलने की अनुमति देते हैं, आप इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाएँगे।[20] आप ईश्वर के वचन खाएँगे, सोएँगे और पीएँगे। आप इसके बारे में कोई कपट नहीं करेंगे।[21] यह आपकी शाश्वत आत्मा का मूल जीवन है। यदि आपकी इच्छा

*(पृष्ठ 8 पर जारी)*

**15** उत्पत्ति 9:6, Ex. 20:13, 21:12, लैव्यव्यवस्था 24:17, गिनती 35:16-21, 30-33, व्यवस्थाविवरण 5:17, मत्ती 19:18, मरकुस 10:19, रोमियों 13:9, गलतियों 5:19-21, याकूब 2:11, प्रकाशितवाक्य 22:14-15 **16** उत्पत्ति 19:1-13, 24-25, लैव्यव्यवस्था 18:22, 20:13, व्यवस्थाविवरण 22:5, 23:17-18, न्यायियों 19:22-28, 1 राजा 14:24, 15:11-12, यहेजकेल 16:49-50, रोमियों 1:18-32, 1 इतिहास 6:9-10, 1 टिमोथी 1:9-10, 2 टिमोथी 3:1-5, यहूदा 7 **17** उत्पत्ति 3:1-6, यशायाह 14:9-17, युहन्ना 8:44, 2 इतिहास 4:3-4, 11:13-15, 2 थिस्सलुनीकियों 2:3-12, प्रकाशितवाक्य 12:9-10, 12-13, 17:8 **18** यहोशू 24:15, दानिय्येल 12:1-3, मरकुस 16:16, लूका 14:15-33, युहन्ना 3:14-18, 12:23-26, रोमियों 8:35-39, 1 टिमोथी 6:6-12, 2 टिमोथी 2:3-5, 2 युहन्ना 9 **19** मत्ती 7:21-27, 13:37-43, 47-50, 16:27, 25:31-46, लूका 13:23-30, युहन्ना 12:48, 2 इतिहास 5:10, 2 थिस्सलुनीकियों 1:4-10, इब्रानियों 9:27, 2 पतरस 2:4-9, 3:7-14, यहूदा 5-21, प्रकाशितवाक्य 20:11-15, 21:7-8, 24-27, 22:11-20 **20** लूका 9:23-25 **21** मत्ती 4:4, युहन्ना 8:31-32, इफिसियों 6:11-18, कुलुस्सियों 3:16, 2 थिस्सलुनीकियों 2:15, 2 टिमोथी 2:15, 3:14-17, 1 पतरस 2:2

## घाना

प्रिय पास्टर टोनी अलामो,

हमारे प्रभु और मालिक यीशु-मसीह के नाम पर आपको शुभकामनाएँ। ईश्वर करे कि जब आपको यह पत्र प्राप्त हो आप स्वस्थ हों। आपने हमें जो पैकेज भेजा था वह हमें मिल गया है और हम इसके लिए आपके बेहद आभारी हैं। हमें न्यूज़लेटर और द *मसीह* पुस्तक का एक बॉक्स प्राप्त हुआ है। ईश्वर आपको आपके अच्छे कार्यों के लिए ढेर सारा आशीर्वाद दें।

पास्टर टोनी अलामो, यहाँ पर वितरण कार्य गंभीरता से चल रहा है, आपके अद्‌भुत न्यूज़लेटर्स के माध्यम से यीशु के लिए कई आत्माओं को जीता गया है। हम दो सौ से अधिक आत्माएँ जीत चुके हैं और हमें उम्मीद है कि हम यीशु के लिए और अधिक आत्माएँ जीतेंगे। मैं कई दुकानों और स्टोरों पर गया। मैं कुछ फोटो भेज रहा हूँ जिनमें दिखाया गया है कि मैंने आपके न्यूज़लेटर का वितरण किस प्रकार किया। पास्टर, ये लोग ईश्वर के वचन के भूखे हैं और मुझे विश्वास है कि आपकी सी.डी. काफ़ी अधिक मदद कर सकती है। हम साहित्य का वितरण बुद्धिमत्तापूर्वक करते हैं, हम लोगों से कहते हैं कि वे इन्हें पढ़ने के बाद दूसरे लोगों को दे दें और इस प्रकार हमारे पास अब भी काफ़ी न्यूज़लेटर बचे हुए हैं।

पास्टर टोनी, इसलिए मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि यदि आप हमारे लिए कुछ टी-शर्ट, स्वेटशर्ट और कुछ सीडी भेज दें, हम बीस लोगों की एक टीम है। पास्टर टोनी हम आप और आपकी मिनिस्ट्री के लिए प्रार्थना करते रहते हैं। कृपया हमें यथाशीघ्र बताएँ कि आप यह सामग्री कब भेजने वाले हैं।

डेनिस दिलों — डोनकोरकरोम, अफराम प्लेन्स, घाना



*घाना के डॉनकोरकरोम में पास्टर टोनी अलामो का आत्मा जीतने वाला साहित्य और मसीह पुस्तक वितरित करते हुए ब्रदर डेनिस डिलों*

# कैलिफोर्निया

प्रिय पास्टर टोनी,

दिनांक 7 मई, 2013 को मुझे वर्ल्ड ऑफ लाइफ की ज़रूरतमंद महिला के पास भेजा गया । प्रभु मुझसे ग्लेनडेल, कैलिफोर्निया के एक पार्किंग लॉट प्लाजा में आपका न्यूजलेटर "आत्महत्या पाप है" का वितरण करवा रहे थे, इस पार्किंग लॉट में मैं पहले भी अनेक बार आपके न्यूजलेटर का वितरण कर चुका हूँ। प्रभु ने लेक्सस एसयूवी में बैठी एक महिला के पास आपका "आत्महत्या पाप है" न्यूजलेटर लेकर भेजा; उस महिला का नाम जेकी था। उनको ईश्वर का वचन देने के बाद जैसे ही मैं अगली कार की ओर जाने लगा तो मुझे सुनाई दिया, "तुम कौन हो?" मैंने कहा कि मैं यीशु-मसीह का शिष्य हूँ। उसने कहा, "यह अवास्तविक है। क्या यह वास्तविक है? मैं अपने परिवार को कॉल करके कहने वाला था कि मैं कल घर नहीं आ रहा हूँ। मैं फ्रीवे से जल्दी से भागने जा रहा हूँ।" उसने मुझे बताया कि उसे अंतिम चरण का कैंसर है, कैंसर ने उसकी कूल्हे की हड्डी नष्ट कर दी है और उसे कूल्हा बदलवाने की सर्जरी करवानी पड़ी थी, उसके परिवार के सदस्य उसे ऐसे लूट रहे हैं जैसे वो पहले ही मर चुकी हो। उससे भी बड़ी बात यह कि उसके बॉयफ्रेंड ने भी उसे छोड़ दिया जब वह मर रही थी। उसने धन के लिए किसी और से शादी कर ली।

उसने मुझसे पूछा कि उसे क्या करना चाहिए। मैंने उसे बताया कि केवल प्रभु यीशु मसीह ही उनसे असल में प्यार कर सकते हैं, प्रभु ने उसकी पुकार सुन ली है और उन्हें नरक से बचाना और उन्हें नया जीवन देना चाहते हैं। हमने साथ मिलकर कई मिनट तक पापी की प्रार्थना के माध्यम से प्रार्थना की। उसके बाद वह काफ़ी अधिक राहत महसूस कर रही थी। उसके बाद उन्होंने मुझे कुछ धन देना चाहा लेकिन मेरी आत्मा (स्पिरिट) ने लेने से इनकार करने को कहा ।

मैंने उन्हें अपने कुछ व्यक्तिगत साक्ष्यों के बारे में बताया कि प्रभु ने कैसे मुझे मेरे परिवार से निकाला ताकि वे मेरा प्रयोग करना शुरू कर सकें। मैंने बताया कि पहले मैं इन सबमें किस प्रकार विश्वास नहीं करता था, लेकिन अब मैं इनमें विश्वास करने लगा हूँ क्योंकि ईश्वर ने मेरे लिए जो कुछ किया उससे मुझे ईश्वर के वचन के सच्चे होने का विश्वास हो गया है।

उसे मेरे साक्ष्य से सहज महसूस हुआ। उसके बाद मैंने जेकी से कहा कि उसे स्वयं को अन्य आस्तिक लोगों के साथ जोड़ने की आवश्यकता है और मैंने उसे सर्विस में आमंत्रित किया।

सब ईश्वर की महिमा है। ईश्वर की प्रशंसा करें।

डेविड पलमिसानो

# फिलीपिंस

प्रिय इंजीलवादी टोनी अलामो,

मैं एक सरकारी कार्यालय में कार्यरत सात बच्चों की कामकाजी माँ हूँ। मुझे अपनी नौकरी से पर्याप्त वेतन नहीं मिलता और अपनी आय बढ़ाने के लिए मैं अपने कार्यालय के साथियों को भोजन, बिस्कुट, और सैंडविच जैसी वस्तुएँ बेचती हूँ।

पिछले वर्ष, विशेषकर दिसम्बर, 2012 में हमारे प्रांत मिंडानाओ में बाढ़, भूस्खलन की वजह से हमारा घर क्षतिग्रस्त हो गया और फ़सलें नष्ट हो गईं जिससे जीवन कठिनाई में गुज़रा। अच्छी बात यह रही कि जब घर की छत गिरने लगी तो मेरे बूढ़े पिता भागकर सुरक्षित बाहर आ गए अन्यथा वे मारे जाते।

मैं और मेरे पति मेरे विधुर पिता के लिए चावल, डिब्बाबंद वस्तुएँ और कपड़े देने के लिए अपने प्रांत के घर गए। घर में अकेले वे ही बचे थे और उस अनुभव से वे उजड़ गए थे। यह हमारे जीवन के सबसे अधिक उदासीभरे क्रिसमस में से एक था। हमने नववर्ष 2013 का स्वागत अंधेरे में किया (बिना बिजली के)।

जब हम वापस जाने लगे तो मैंने अपने पिता को शहर में अपने साथ लाने का निर्णय लिया। शुरू-शुरू में वे अकेलापन महसूस करते थे और वे अपने पौधों, पोल्ट्री, सुअरों, करबाओं को याद करते थे, लेकिन ज़िंदगी को आगे बढ़ना था। मेरे पास नौकरी थी और मुझे अपने परिवार के लिए मज़बूत बने रहना था। हमने एक-दूसरे की सहायता की।

प्रत्येक रविवार को आपके कार्यक्रम के मार्गदर्शन और संदेशों की वजह से हम जानते हैं ईश्वर हमें अपने शाश्वत जीवन के आश्वासन को अपनाए रखने की याद दिला रहा है और यह कि वह हमेशा हमारी सहायता के लिए उपलब्ध रहेगा, चाहे कुछ भी हो जाए।

आप हमारे लिए ईश्वर का आश्वासन हैं जो हमेशा हमारी सहायता के लिए मौजूद रहता है। हमारे परिवार की मदद के लिए उपलब्ध रहने हेतु आपका धन्यवाद।

सुसान कॉम्लिंग

पासे सिटी, फिलीपिंस

# पॉल बोलपा का साक्ष्य

*(पृष्ठ 5 से जारी)*

मेरा आत्म-विनाशी व्यवहार और गहरा-गहरा होता चला गया।

उसके कुछ समय बाद मैं दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक नदी के किनारे था जहाँ पक्षी चहचहा रहे थे और हरी-भरी वनस्पतियाँ उगी थीं। मुझे लगा कि मैं वहाँ बिल्कुल अकेला था और मैंने आह्वान किया, बल्कि असल में मैं चिल्लाया, "क्या कोई मेरी सहायता करेगा!"

तीन दिन बाद, मैं हॉलीवुड बुलवर्ड में ख़रीदारी कर रहा था और मुझे आँसू आ गए। मेरे जीवन में बस एक ही चीज़ चल रही थी और वह थी मेरी नौकरी। मैं अपनी नौकरी से प्यार करता था। सोमवार को काम पर आने तक सप्ताहांत में मुझे समय बिताने में काफ़ी कठिनाई होती थी? जल्द ही टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्री के एक बंधु ने मुझ से संपर्क किया। उसने पूछा, "क्या आप यह जानने के लिए चर्च आएँगे कि किस प्रकार यीशुमसीह ने क्रूस पर प्राण दिए ताकि हम शाश्वत जीवन जी सकें।?" उन्होंने मुझे भोजन के बारे में भी बताया और मुझे याद है उनका प्रस्तुतिकरण बहुत अच्छा था। सेल्स में होने की वजह से मैंने अच्छे प्रस्तुतिकरण की तारीफ़ की। मैंने पूछा कि चर्च कहाँ है। उन्होंने मुझे बताया कि यह सोगस, कैलिफोर्निया में है। जब मुझे पता चला कि यह लैंकेस्टर के पास है, तो मैंने सोचना शुरू किया कि यह सप्ताहांत में मेरे 4 या 5 घंटे गुजार देगा। इसलिए मैं बस में चढ़कर चर्च चला गया।

जब मैं वहाँ पहुँचा, चर्च के दरवाज़ों से गुज़र रहा था तो मुझे उम्मीद की किरण महसूस हो रही थी। मैं अपनी पहली ही यात्रा में रक्षित नहीं हुआ, बल्कि लगातार दो सप्ताह तक सेवाओं में आया। अंतत: मैं अपने अड़ियल घुटनों पर बैठ गया और गौरवपूर्ण तरीके से मेरी रक्षा हो गई। अब मुझे अपराधबोध और दर्द नहीं था। मुझे एक स्पष्टता महसूस हो रही थी जो मुझे वर्षों से महसूस नहीं हो रही थी। मैं क्राइस्ट जीसस में एक नवजात प्राणी था। अब सायकोथेरपी और आत्म-सुधार की पुस्तकें मेरे लिए कोई भ्रामक कारक नहीं थी। सर्वशक्तिशाली सृजनकर्ता के साथ मेरा व्यक्तिगत संबंध था। प्रभु ने मुझे बेहद प्यार भरे, पालन-पोषण करने वाले, देखभाल करने वाले माहौल में डाल दिया था, 28 वर्ष से मैं विकास कर रहा हूँ और प्रभु यीशु मसीह के बारे में जान रहा हूँ।

पास्टर टोनी, इन वर्षों के दौरान मेरे आध्यात्मिक पिता बने रहने के लिए आपका धन्यवाद।

# अत्यधिक दुष्टता

*(पृष्ठ 6 से जारी)*

है कि ईश्वर आपको बदलें और आपकी ओर से आपमें जिएँ, तो निम्न प्रार्थना कहते हुए उनके साथ जीना शुरू करें:

**मेरे मालिक और मेरे ईश्वर मेरी पापी आत्मा पर दया करो।[22] मैं मानता हूँ कि यीशु जीवित ईश्वर के पुत्र हैं।[23] मैं मानता हूँ कि वे क्रॉस पर मारे गए और उन्होंने अपना बहुमूल्य रक्त मुझे मेरे पिछले सभी पापों से क्षमा करने के लिए बहाया है।[24] मैं मानता हूँ कि ईश्वर ने यीशु को पवित्र आत्मा की शक्ति से जीवित किया है[25] और वे मेरे पापों की स्वीकारोक्ति सुनने और इस प्रार्थना को सुनने के लिए ईश्वर के दाहिने ओर बैठे हैं।[26] हे प्रभु यीशु, मैं अपने दिल के दरवाज़े खोलता हूँ और आपको अपने दिल में आमंत्रित करता हूँ।[27] कैलवरी में क्रॉस पर आपने मेरी जगह जो अनमोल ख़ून बहाया था उससे मेरे सभी कुत्सित पापों को धो दो।[28] प्रभु यीशु आप मुझे इनकार नहीं करेंगे; आप मेरे पापों के लिए मुझे माफ़ कर देंगे और मेरी आत्मा की रक्षा करेंगे। मुझे मालूम है क्योंकि आपके वचन अर्थात् बाइबल में ऐसा कहा गया है।[29] आपके वचन कहते हैं कि आप किसी को मना नहीं करेंगे और उनमें मैं भी शामिल हूँ।[30] इसलिए, मैं जानता हूँ कि आपने मेरी बात सुन ली है। मैं यह भी जानता हूँ कि आपने मुझे जवाब भी दिया है और मुझे यह भी मालूम है कि मुझे बचा लिया गया है।[31] मेरी आत्मा की रक्षा करने के लिए प्रभु यीशु मैं आपका धन्यवाद करता हूँ और मैं आपके आदेशानुसार तथा आगे से कोई पाप न करके आपके प्रति कृतज्ञता प्रकट करूँगा।[32]**

और अब जबकि आपकी रक्षा हो चुकी है, तो ईश्वर की अपने पूरे मन, आत्मा, मस्तिष्क और शक्ति से सेवा करें (मरकुस 12:30)।[33] बपतिस्मा करें, पिता और पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम पर पूरी तरह से पानी में डुबकी लगाएँ।[34] बाइबल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया द्वारा प्रकाशित बाइबल (10W 0055/2004/17M PL) (अंग्रेजी – किंग जेम्स संस्करण) का अध्ययन करें, और अपने मृत्यु के दिन तक वही करें जो कुछ बाइबल में कहा गया है।[35]

जैसा कि यीशु चाहते हैं, आप आत्मा के विजेता बनें। आप पास्टर टोनी अलामो गॉस्पल साहित्य के वितरक बन कर ऐसा कर सकते हैं। हम कई भाषाओं में पास्टर अलामो का साहित्य प्रकाशित करते हैं और दुनियाभर में इसे नि:शुल्क भेजते हैं। हम कागज़ और छपाई पर लाखों डॉलर ख़र्च करते हैं, अत हमें आपकी प्रार्थनाओं और वित्तीय सहायता की आवश्यकता है।

यदि आप यीशु की आज्ञाओं के अनुसार दुनिया को बचाया जाना चाहते हैं, तो ईश्वर को अपना दशमांश और प्रसाद अर्पित करें। ईश्वर ने कहा, “क्या [तुम] ईश्वर को लूटोगे? फिर भी तुमने मुझे लूटा है। लेकिन तुम कहते हो हमने आपको कब लूटा? क्या दशमांश और प्रसाद में? तुम एक शाप से अभिशप्त हो: क्योंकि तुमने मुझे लूटा है, यहाँ तक कि इस पूरे राष्ट्र [और इस पूरी दुनिया] को लूटा है। तुम अपना सभी दशमांश [एक ‘दशमांश’ का अर्थ है आपकी सकल आय का 10%] स्टोरहाउस में लेकर आओ, मेरे घर में मांस [धार्मिक आहार] हो सकता है [रक्षित आत्माएँ], और मेज़बानों के प्रभु कहते हैं कि अभी सिद्ध करो, यदि मैं तुम्हारे लिए स्वर्ग की खिड़की न खोल दूँ और आप पर अपना इतना आशीर्वाद न बरसा दूँ कि तुम्हारे पास इसे धारण करने का स्थान भी न हो। मेज़बानों के लॉर्ड कहते हैं कि मैं तुम्हारी भलाई के लिए भक्षक को फटकार लगा दूँगा, वह आपकी ज़मीन के फलों को नष्ट नहीं करेगा; न ही तुम्हारी बेल पर समय से पहले फल लगेंगे। मेज़बानों के प्रभु कहते हैं कि सभी राष्ट्र तुम्हें धन्य कहेंगे: क्योंकि तुम्हारी ज़मीन खुशहाल होगी” (मलाकी 3:8-12)।

---

**22** भजन संहिता 51:5, रोमियों 3:10-12, 23 **23** मत्ती 26:63-64, 27:54, लूका 1:30-33, युहन्ना 9:35-37, रोमियों 1:3-4 **24** प्रेरितों को काम 4:12, 20:28, रोमियों 3:25, 1 युहन्ना 1:7, प्रकाशितवाक्य 5:9 **25** भजन संहिता 16:9-10, मत्ती 28:5-7, मरकुस 16:9, 12, 14, युहन्ना 2:19, 21, 10:17-18, 11:25, प्रेरितों को काम 2:24, 3:15, रोमियों 8:11, 1 इतिहास 15:3-7 **26** लूका 22:69, प्रेरितों को काम 2:25-36, इब्रानियों 10:12-13 **27** 1 इतिहास 3:16, प्रकाशितवाक्य 3:20 **28** इफिसियों 2:13-22, इब्रानियों 9:22, 13:12, 20-21, 1 युहन्ना 1:7, प्रकाशितवाक्य 1:5, 7:14 **29** मत्ती 26:28, प्रेरितों को काम 2:21, 4:12, इफिसियों 1:7, कुलुस्सियों 1:14 **30** मत्ती 21:22, युहन्ना 6:35, 37-40, रोमियों 10:13 **31** इब्रानियों 11:6 **32** युहन्ना 5:14, 8:11, रोमियों 6:4, 1 इतिहास 15:10, प्रकाशितवाक्य 7:14, 22:14 **33** व्यवस्थाविवरण 4:29, 6:5, 10:12, 11:13, 13:3-4, 26:16, 30:6, यहोशू 22:5, मत्ती 22:37-40, मरकुस 12:29-31, लूका 10:27 **34** मत्ती 28:18-20, युहन्ना 3:5, प्रेरितों को काम 2:38, 19:3-5, रोमियों 6:3-5, कुलुस्सियों 2:10-12 **35** व्यवस्थाविवरण 4:29, 13:4, 26:16, यहोशू 1:8, 22:5, 2 टिमोथी 2:15, 3:14-17, याकूब 1:22-25, प्रकाशितवाक्य 3:18

*अधिक जानकारी के लिए अथवा रूचि के विषय के अन्य साहित्य के लिए कृपया हमसे संपर्क करें।*

Tony Alamo, World Pastor, Tony Alamo Christian Ministries Worldwide • P.O. Box 2948, Hollywood, CA 90078
चौबीस घंटे की प्रार्थना और सूचना की लाइनः +1 (661) 252-5686 • Fax +1 (661) 252-4362
www.alamoministries.com • info@alamoministries.com

*टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज वर्ल्डवाइड उन सभी के लिए अपने अमेरिकी स्थानों पर एक ऐसी जगह उपलब्ध कराता है जहाँ जीने के लिए सभी आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध हैं जो अपने संपूर्ण हृदय, आत्मा, मन और शक्ति के साथ प्रभु की सेवा करना चाहते हैं।*

**प्रतिदिन सायं 8 बजे और रविवार दोपहर 3 बजे एवं सायं 8 बजे इन स्थानों पर सेवाएं होती हैं: Angeles area Church: 13136 Sierra Hwy., Santa Clarita, CA 91390, +1 (661) 251-9424**

**प्रतिदिन सायं 6:30 बजे और रविवार दोपहर 1:30 बजे तथा सायं 6:30 बजे Hollywood Blvd. & Highland Ave., Hollywood, CA से आने-जाने की नि:शुल्क यातायात सेवा मुहैया कराई जाती है। न्यू यार्क सिटी में प्रत्येक मंगलवार सायं 8 बजे और अन्य स्थानों पर सेवाएं रात को होती हैं। सूचना के लिए कृपया +1 (908) 937-5723 कॉल करें। प्रत्येक सेवा के बाद भोजन परोसा जाता है।**

*पास्टर अलामो की पुस्तक, दी मसीहा, माँगें जिसमें क्राइस्ट को ओल्ड टेस्टामेंट से 333 से अधिक भविष्यवाणियों में प्रकट किया गया है।*

*पास्टर अलामो के साहित्य के वितरक बनकर आत्माओं की खेती में एक श्रमिक का काम करें।*

*हमारे साहित्य और ऑडियो संदेश शिपिंग शुल्क सहित नि:शुल्क हैं।*

**इस साहित्य में मोक्ष की असली जानकारी दी गई है (एक्ट्स सी 4:12)।**

**इसे फेंके नहीं, इसे किसी और को दे दें।**

**आप में से जो अन्य देशों में रहते हैं, हम आपसे इस साहित्य को अपनी भाषा में अनुवादित करने का अनुरोध करते हैं। यदि आप इसका पुन:मुद्रण करते हैं तो कृपया निम्नलिखित कॉपीराइट और पंजीकरण शामिल करें:**

© कॉपीराइट जुलाई 2013, 2015 सर्वाधिकार सुरक्षित वर्ल्ड पास्टर टोनी अलामो ® पंजीकृत जुलाई 2013, 2015

HINDI—VOLUME 18000—OVERWHELMING WICKEDNESS